किरोड़ीमल कॉलेज

दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली- 110007

Kirori Mal College

University of Delhi, Delhi – 110007

Email: principal@kmc.du.ac.inTel. No.: 011-27667939 Website: kmc.du.ac.in

'सुनहरी यादें'

'सुनहरी यादें' बी. ए.प्रोग्राम सोसाइटी और I Q A C कमेटी के साथ मिलकर के ऑनलाइन कार्यक्रम 28 तारीख को रखा गया जिसमें उपस्थित प्राचार्य महोदय I Q A C कमेटी के कन्वीनर डॉक्टर रामानंद सर ,बी.ए.प्रोग्राम सोसाइटी कन्वीनर डॉ.सारिका दत्ता ,प्रोग्राम सहायक डॉ. मंजू रानी उपस्थित रहे I एलुमनाई टॉक में पूर्व विद्यार्थियों को उनकी यादों को वर्तमान के विद्यार्थियों के साथ साझा करने का एक मंच प्राप्त हुआ और जो उनके विशेष पद पर कार्यरत हैं, उस मंजिल तक पहुंचने का जो उनके कदम -कदम चले जो जो उन्होंने सकारात्मक ऊर्जा के साथ इस मंजिल को प्राप्त किया उसके विषय में उन्होंने आज के प्रोग्राम में अपने अनुभव साझा किए। मंच संचालन रुद्रांश और लविषा ने बहुत ही बढ़िया से किया I अन्य सभी विद्यार्थी और अन्य विभागों से आए शिक्षक मौजूद रहे उन्होंने भी विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव को इसके अलावा सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपने भविष्य की छवि को उन्होंने सार्थक पाते हुए देखा I

1.लोकेश राय (मैनेजर)

लोकेश जी ने अपने हॉस्टल के दिनों की रोचक पर अत्यंत नैतिक व प्रेरणादायक कहानियां साझा की , उन्होंने बताया कि कैसे उनके दोस्त श्री मीणा (I.P.S.) जी ने निरंतर प्रयास व दृढ़ संकल्प के चलते अपने लक्ष्य को प्राप्त किया।
इस प्रेरणा दायक कहानी से हम सब छात्रों को समय के मूल्य व उसके उचित उपयोग की सीख प्राप्त हुई।
साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया, की कैसे उन्हें ध्यान का महत्व अपने हास्टल के दिनों में ज्ञात हुआ।
साथ ही सर ने उनके तात्कालिक अनुभवों को साझा करते हुए बताया की कैसे वह जिस कंपनी में कार्यरत हैं वहां देश दुनिया के समस्त चिकतसीय जरूरतों के लिए तकनीकी सॉफ्टवेयर्स का निर्माण किया जाता है।

2. विशेष सर (प्रोफेसर I P COLLEGE)

विशेष सर , ने बी. ए. प्रोग्राम कोर्स की ओर अपने प्यार को साझा करते हुए अभिव्यक्त किया की कैसे बी. ए. प्रोग्राम कोर्स ने उन्हें अपने अंदर की रुचियों की अनुभूति करने व उन्हे साकार करने की प्रेरणा व मंच दिया , विविध पाठ्यक्रम होने के नाते सर ने इस कोर्स को सबसे अच्छे कोर्स की संज्ञा भी प्रदान की। सर ने अपने निजी अनुभव को साझा करते हुए बताया की कैसे , उन्होंने अपने कॉलेज के दिनों में खूब सारे रचनात्मक प्रयोग किए, सर ने एक विषयी ज्ञान के पीछे ना जाकर कई सारे विषयो के प्रति रुचि रखने व नित नए नए प्रयोग करने से न डरने की सलाह भी दी

3.अरिजित शर्मा

सर ने अपने सीनियर विशेष सिर व लोकेश सर की बात को आगे बढ़ाते हुए कहा की दृढ़ संकल्प व निरंतरता सफल होने के लिए बेहद जरूरी घटक हैं।सर ने अपने कार्यानुभव से UPSC प्रतिभागी छात्रों का भी मार्गदर्शन किया I

4.शायरिन जेम्स (गायक व संगीत शिक्षक)

मैम, ने अपने कॉलेज के दिनों व अध्यापकों के सहयोग व स्नेह की कहानियां सुनाई , मैम ने बताया की कैसे म्यूज़िक सोसाइटी की प्रेसिडेंट नियुक्त किए जाना उनके लिए बहुत बड़ा पल था ।

उन्होंने बताया की कैसे इससे पहले उन्हें कॉलेज में कम लोग ही जानते थे, सोसाइटी के कारणों से व्यस्त होनें के कारण वह नियमित रूप से क्लास में नहीं आ पाती थी ।

इसी वजह से कई बार अध्यापकों उन्हें चिंतावश डांट भी देते थे , मंजू व सागरिका मैम का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे हमेशा उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाता था , उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय भी अध्यापकों को ही दिया ।

5.राहुल यादव (एडवोकेट)

सर ने अपने कॉलेज के दिनों को याद करते हुए बताया की कैसे उन्हें कॉलेज में चुनावों व छात्र संघ के कार्यों में बेहद रुचि थी सर ने यह भी बताया की कैसे चुनाव में वह अपने सहपाठियों के स्नेह और अध्यापकों के आशीर्वाद व अपने मेहनत के चलते निर्विवाद जीते थे।



किरोड़ीमल कॉलेज

दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली- 110007

Kirori Mal College

University of Delhi, Delhi – 110007

Email: principal@kmc.du.ac.inTel. No.: 011-27667939 Website: kmc.du.ac.in